**सं.16015/1/2022-पीएमआई**

**भारत सरकार**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय**

**उर्वरक विभाग**

*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 11 मार्च, 2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए फरवरी, 2025 माह के मासिक सार के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उर्वरक विभाग का फरवरी, 2025 माह का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

2. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

**(अनिल फुलवारी)**
निदेशक (पीएमआई)
दूरभाष: 011-23389839

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव।
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।
4. अनुभाग अधिकारी (आईटी) को उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

**विषय: उर्वरक विभाग का फरवरी, 2025 माह का मासिक सार।**

**1. माह के दौरान समग्र उत्पादन निष्पादन:**

**(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)**

| उत्पाद का नाम | माह के दौरान उत्पादन | इस माह तक संचयी उत्पादन |
|---|---|---|
| यूरिया | 23.44 | 281.88 |
| डीएपी | 2.26 | 36.52 |
| अमोनियम सल्फेट (ए/एस) | 0.57 | 7.05 |
| मिश्रित उर्वरक | 10.09 | 103.26 |
| सिंगल सुपर फॉस्फेट | 3.99 | 48.15 |

स्रोत: dbtfert.nic.in दिनांक 06.03.2025 की स्थिति के अनुसार

**2. माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री:**

**(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)**

| उत्पाद का नाम | आकलित आवश्यकता | उपलब्धता | बिक्री |
|---|---|---|---|
| यूरिया | 21.55 | 69.25 | 25.34 |
| डीएपी | 3.20 | 13.30 | 3.17 |
| एमओपी | 1.38 | 10.98 | 1.67 |
| एनपीके | 8.65 | 35.27 | 8.33 |

आंकड़े डैशबोर्ड से लिए गए है।

**3. माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्यौरा:**

**(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)**

| उत्पाद का नाम | आयातित मात्रा |
|---|---|
| यूरिया | 2.99 |
| कृषि उपयोग हेतु एमओपी | 3.03 |
| डीएपी | 1.10 |
| एनपीके | 1.89 |

**4. फरवरी, 2025 के दौरान तालचेर उर्वरक परियोजना की वृद्धिशील प्रगति:**

**(क). <u>तालचेर इकाई का पुनरुद्धार:</u>**

i. 28 फरवरी, 2025 की स्थिति के अनुसार परियोजना की समग्र प्रगति 65.66% है तथा ओएसबीएल पैकेज (कोयला गैसीकरण (सीजी) तथा अमोनिया यूरिया (एयू) के अलावा) की प्रगति 79.04% है।

ii. फरवरी, 2025 माह के दौरान, मैसर्स, डब्ल्यूईसीएल ने 8 विक्रेताओं (5 भारतीय और 3 विदेशी) के लंबित भुगतानों की अदायगी करना, सीजी अनुभाग के सभी लंबित मामलों का निपटान करना, चार उपकणों के प्रेषण को क्लीयरेंस देना और श्रमिकों की नियुक्ति बढ़ाने हेतु सब-कॉन्ट्रेक्टरों के साथ अनुबंध करने जैसे विभिन्न कार्यों की शुरूआत की।

iii. इसके अतिरिक्त, यूरिया प्रिलिंग टॉवर में कार्य, एयर सेपरेशन युनिट (एएसयू) में स्टील स्ट्रक्चर इरेक्शन (एएसयूके), कोल्ड बॉक्स-ए के भीतर एल्यूमिनियम पाइप इरेक्शन और फैब्रीकेशन, एयू और सीजी कूलिंग टॉवर्स, यूरिया संयंत्र पाइप रैक स्ट्रक्चर, यूरिया संयंत्र यूजी पाइपिंग, कोल मिल्स गियर बॉक्स इरेक्शन का कार्य पुनः शुरू किया गया है।

iv. इसके अलावा, दिनांक 18.02.2025 को आयोजित समीक्षा बैठक में, टीएफएल को दोनों पैकेजों के लिए डब्ल्यूईसीएल द्वारा प्रस्तुत आगामी योजना की निंरतर बारीकी से निगरानी करने, विभिन्न सेक्शनों में खरीद विनिर्माण और इरेक्शन कार्यकलापों के त्वरित निपटान हेतु डब्ल्यूईसीएल के साथ समन्वय के लिए टीएफएल और पीएमसी-पीडीआईएल के समर्पित कार्यदलों का गठन करके इसे प्राथमिकता देने के निदेश दिए गए है। इसके अतिरिक्त, टीएफएल को कार्य का सुचारू निष्पादन सुनिश्चित करने और लंबित मामलों के निपटान हेतु स्थानीय सरकारी प्राधिकारियों के साथ प्रभावपूर्ण ढंग से समन्वय करने के निदेश दिए गए है।

**5. व्यय की स्थिति:**

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुल उपलब्ध बजट अनुमान संशोधित अनुमान 174736.29 करोड़ रुपये में से फरवरी, 2025 के दौरान उर्वरक सब्सिडी के प्रशासन पर व्यय 5704.48 करोड़ रुपये (यूरिया: 4190.10 करोड़ रुपये, पीएंडके: 1508.30 करोड़ रुपये, स्थापना: 3.48 करोड़ रुपये, गोबरधन के लिए एमडीए: 2.60 करोड़ हुआ। अप्रैल 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान प्रगतिशील व्यय 169010.24 करोड़ रुपये (यूरिया: 119414.43 करोड़ रुपये, पीएंडके: 49523.05 करोड़ रुपये, स्थापना: 39.45 करोड़ रुपये, डीबीटी: 8.80 करोड़ रुपये, पूंजीगत व्यय: 1.33 करोड़ रुपये और गोबरधन के लिए एमडीए: 18.62 करोड़ रुपये और आरएण्डडी: 4.56 करोड़ रुपये) अर्थात कुल आबंटन का लगभग <u>96.72%</u> था।

*****